सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 10 | अजमेर, रविवार 10 नवम्बर 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की मौजूदगी में 14000 करोड़ से अधिक के एमओयू






अजमेर। जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समित का आयोजन शुक्रवार को हुआ। इसमें उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने उद्यमियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में 14 हजार 26 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि रा'य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट 2024 के अन्तर्गत जिला स्तरीय इन्वेर्स्टस मीट अजमेर का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार पहले वर्ष में ही उद्यम स्थापना पर जोर दे रही है। बड़ी संख्या में एमओयू किए जा रहे हैं। इस निवेश से राज्य में रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में किए गए एमओयू कुछ ही समय में धरातल पर दिखने लगेंगे। इसके वास्तविक परिणाम अगले चार वर्षों में सबके सामने होंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने राजस्थान के भविष्य को संवारने के बारे में सोचा है। यहां के निवासियों को अच्छे स्तर पर रोजगार मिलेगा। वर्तमान में सरकार द्वारा किए गए एमओयू धरातल पर उतरेंगे। इसके लिए समस्त अधिकारी मिलकर कार्य करें। भूमि नीतिगत निर्णयों विभिन्न अनापत्तियों सहित समस्त कार्य तत्काल किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर अजमेरए राजस्थान एवं भारत को विकसित बनाना है। सबके सम्मिलित प्रयासों से प्रत्येक निवेशक केवल राजस्थान में ही निवेश करने के लिए सोचेगा। भविष्य में अजमेर की पहचान उद्यम स्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त जिले के रूप में होगी। सरकार उद्यमियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए राजस्थान उद्यम प्रोत्साहन योजना 2024 की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपार संभावनाओं का प्रदेश है। यहां सोलर, पवन, खनिज सहित बड़ी मात्रा में प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध है। राजस्थान में पर्यटन भी बहुआयामी है। इन संभावनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने का कार्य उद्यमी कर सकते हैं। राजस्थान में किसी भी वस्तु की कमी नहीं है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ;ईआरसीपी एवं यमुना नदी का जल उपलब्ध होने से राजस्थान में पानी भी पर्याप्त होगा।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार - सुरेश रावत

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि अजमेर में अन्य जिलों से अधिक संभावनाएं हैं। सरकार इन संभावनाओं को वास्तविकता में लाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में अभी जिला स्तरीय इनवेस्टर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसके पश्चात राज्य स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट आयोजित होगी। इससे निवेशकों द्वारा उद्यम स्थापित किए जाएंगे। क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलने से आर्थिक समृद्धि आएगी। अजमेर जिले में सर्वाधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### उद्यम स्थापना से रोजगार की वृद्धि- भदेल

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने कहा कि सरकार की मंशा राजस्थान एवं उद्यमियों को आगे बढ़ाने की है। इसीलिए सरकार ने पहले साल में ही निवेश के लिए प्रोत्साहित किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए रिप्स 2024 की घोषणा की गई है। उद्यम स्थापना से रोजगार की वृद्धि होती है। इससे व्यक्तियों का जीवन स्तर उच्च होगा। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष कुणाल जैन ने कहा कि राइजिंग राजस्थान से उद्यमिता के दुर्लभ गुण को पहचान मिली है।

### उद्यमी अजमेर की रीड -ओंकार सिंह लखावत

राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रौन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि उद्यमी अजमेर की रीड की हड्डी है। इनके बूते ही अजमेर आर्थिक रूप से मजबूत है। अजमेर में कर्मशीलता के साथ.साथ ऊर्जा भी है। यहां आर्थिक धार्मिक शैक्षिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विकास की अपार संभावनाएं है। जिले के औद्योगिक विकास के लिए राज्य तथा केन्द्र सरकार तत्पर है।

### विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी



जिला स्तरीय मीट में विभिन्न उत्पादों व सेवाओं यथा मार्बल एण्ड ग्रेनाईट हैण्डीक्राफ्ट, फूड प्रोडक्ट्स, हैण्डलूम एम्ब्रोयडरी व हैण्डीक्राफ्ट, मशीनरी टूल्स आदि से संबंधित उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। इसका उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में जिले में निवेश के औद्योगिक परिदृश्य एवं संभावनाएं विषय पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### 14 हजार 26 करोड़ के 301 एमओयू सम्पादित

कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि इस जिला स्तरीय इन्वेर्स्टस मीट अजमेर के सफल आयोजन के लिए विभिन्न औद्योगिक संघों वृहद एवं मध्यम इकाईयों के सहयोग तथा समन्वय से विभिन्न क्षेत्रों यथा मार्बल व ग्रेनाईट टैक्सटाइल चिकित्सा शिक्षा होटल व रिसोर्ट, खनन, सौलर, एग्रो व फूड प्रोसेसिंग क्षेत्रों में विभिन्न विभागों द्वारा लगभग 14 हजार 26 करोड़ के 301 एमओयू सम्पादित किए गए है।

### 15360 व्यक्तियों को मिलेगा रोजगार

इनके द्वारा प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 15 हजार 360 व्यक्तियों के लिए रोजगार का सृजन होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा 3 हजार 739 करोड़ के 210 रीको द्वारा 48 करोड़ के 8, अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा 10 हजार 144 करोड़ के 56, पर्यटन विभाग द्वारा 47 करोड़ के 5, खान एवं भू .विज्ञान द्वारा 14 करोड़ के 16 तथा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 31 करोड़ के 6 एमओयू किए गए हैं।

### इनके साथ किए एमओयू

कार्यक्रम में श्री भगवती मशीन धरतीधन स्टोनेक्स केशव इंडस्ट्रीजए वेमोरा टाइल्स, एसआर रिजोर्टस, श्रीराम सुपरस्पेशलिटी सर्जिकल, भुवन रिजोर्टस, होटल हिल्स व्यू, भंडारी मार्बल वर्ल्ड, अराम्स टेक्सटाइल, वर्धमान होटल्स, मास्टर रिजोर्टस, एमवाइट इंटरनेशनल, मिलमेन मैटल्स एवं अतुल रिजोर्टस के साथ एमओयू किए गए।

### ये भी रहे मौजूद

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त नित्या के. नगर निगम के आयुक्त देशलदान, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक अजय विश्वकर्मा, किशनगढ़ मार्बल एशोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन सहित जिले के उद्यमी उपस्थित थे।

## केकड़ी में 3000 करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू





राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि रा'य सरकार की मंशा के अनुरूप राइजिंग इन्वेस्टमेंट मीट का आयोजन औद्योगिक विकास की संकल्पना लिए हैए जिसमें विकास और रोजगार दोनों हित सुरक्षित हैं। केकड़ी जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक के 239 समझौते किए गए। इससे केकड़ी जिला और प्रदेश के औद्योगिक विकास की संकल्पना साकार हुई।दियाकुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप उद्यमियों और निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से जहां एक ओर जिले के साथ.साथ प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा दूसरी ओर रोजगार का भी सृजन होगा। उन्होंने राइजिंग केकड़ी इन्वेस्टर मीट आयोजन के लिए सरकार और इसमें निवेश करने वाले उद्यमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। निवेश के माध्यम से रोजगार और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में निवेश बढ़े बजट घोषणाओं की प्रभावी निगरानी के साथ उनका क्रियान्वयन हो और राज्य का आधारभूत ढांचा मजबूत हो इसके लिये राज्य सरकार प्रयासरत है।

इस अवसर पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने निवेशकों उद्यमियों और गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान मुख्यमंत्री का दूरदर्शी विजन है। उनकी मंशा के अनुरूप निवेशकों एवं उद्यमियों को व्यापार के अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवा कर समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

केकड़ी कलेक्टर श्वेता चौहान ने निवेशकोंए उद्यमियों और उपस्थितजनों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के लिए 239 एमओयू के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनसे तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा। लगभग छह हजार से अधिक के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुसार यह मीट युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने और जिले में निवेश बढ़ाने के लिए उपयोगी साबित होगी।

## सम्पादकीय

### भारत के लिए वैश्विक स्तर पर बदल रहे हैं राजनैतिक एवं रणनीतिक समीकरण

वैश्विक स्तर पर आज परिस्थितियां विशेष रूप से राजनैतिक रणनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में तेजी से बदल रही हैं। नए नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। जी-7 जी-20 एवं नाटो के सामने ब्रिक्स अपने पांव पसारता नजर आ रहा है। अमेरिका के साथ साथ यूरोपीयन देश अपनी चमक खो रहे हैं। इन देशों को विकसित देश तो कहा ही जाता रहा हैंए साथ ही वैश्विक स्तर पर कई संगठनों को खड़ा करने में इन देशों की महत्वपूर्ण भूमिका भी रही है और इन संगठनों की मदद से इन देशों का दबदबा भी पूरे विश्व में कायम रहता आया है।

यूनाइटेड नेशनस, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, नाटो, फाइव आइज, अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनए जी-7 एवं जी-20 जैसे अन्य कई संगठनों के माध्यम पूरे विश्व में ही लगभग प्रत्येक क्षेत्र को यह विकसित देश प्रभावित एवं नियंत्रित करते रहे हैं। परंतुए आज दक्षिणी अफ्रीकी उपमहाद्वीप के देशों मध्य एशिया में अरब देशों एवं भारतीय उपमहाद्वीप स्थित देशों ने उक्त संगठनों में सुधार कार्यक्रम लागू करने के लिए आवाज उठाना शुरू कर दिया है। उक्त वर्णित लगभग समस्त अंतरराष्ट्रीय संगठनों की स्थापना 1900-2000 शताब्दी में की गई थी। इतने लम्बे अंतराल के बाद भी विश्व के अन्य देशों को इन संगठनों में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान नहीं की गई है। कुल मिलाकर अमेरिका एवं यूरोपीयन देशों का दबदबा इन संगठनों की स्थापना के बाद से ही लगातार कायम रहा है।भारत सदैव से ही एक शांतिप्रिय देश रहा है और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में विश्वास करता आया है। इन्हीं कारणों के चलते भारत के लगभग समस्त देशों से अच्छे सम्बंध रहे हैं। रूस.यूक्रेन युद्ध में रूस और यूक्रेन दोनों ही देश युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं तो उधर इजराईल.हमास, लेबनान, ईरान युद्ध में ये समस्त देश भी युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं। दूसरी ओरए ग्लोबल साउथ सहित कई अफ्रीकी देश भी आज भारत का नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार हैं। इन परिस्थितियों के बीच वैश्विक स्तर पर यह मांग बहुत जोर पकड़ती जा रही है कि भारत को यूनाइटेड नेशन्स की सुरक्षा समिति में स्थाई सदस्यता प्रदान की जाए। परंतु रूसए अमेरिकाए फ्रांन्स एवं अन्य वीटो प्राप्त देशों द्वारा भारत का समर्थन किए जाने के बावजूद यह कार्य सम्पन्न नहीं हो पा रहा है क्योंकि चीन नहीं चाहता कि भारत सुरक्षा समिति का स्थाई सदस्य बने और वीटो प्राप्त करने का अधिकारी बने। उक्त संगठनों के इत्तर हाल ही में सम्पन्न हुई ब्रिक्स समूह देशों की बैठक में रूसए भारत एवं चीन की तिकड़ी बनती हुई दिखाई दे रही है। इस तिकड़ी द्वारा ब्रिक्स समूह की बैठक में लिए गए कुछ निर्णयों के चलते यदि भारतए रूस एवं चीन के बीच बदलते राजनीतिक एवं रणनीतिक सम्बंध इसी प्रकार आगे बढ़ते हैं तो इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर रणनीतिकए आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र पर भी पड़ेगा और आगे आने वाले दिनों में भारत के आर्थिक परिदृश्य में भी व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे।

## कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाली को लेकर कांग्रेस नेताओं का दोहरा चरित्र उजागर- राज्यवर्धन राठौड़



जयपुर। राजस्थान के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने जम्मू-कश्मीर विधान सभा में अनुच्छेद 370 बहाली को लेकर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के रुख पर सवाल उठाते हुये कहा कि इससे कांग्रेस नेताओं का दोहरा चरित्र उजागर हुआ है। कर्नल राठौड़ ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से कांग्रेसी नेताओं को भारत का विभाजन करने वाला और अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाला करार देते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और इनके नेताओं द्वारा लगातार पिछले कई वर्षों से भारत को तोड़ने करने का प्रयास किया जा रहा हैए लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इनके प्रयासों को विफल कर दिया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इनके गठबंधन वाले राजनीतिक दल अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिये चाहे जितने प्रयास कर लेंए लेकिन मोदी ने अनुच्छेद 370 का अंतिम संस्कार कर दिया है। यह अनुच्छेद अब वापस खड़ा होने वाला नहीं है।कर्नल राठौड़ ने कांग्रेसी नेताओं पर सवाल दागते हुए कहा कि गांधी और इनकी पार्टी के नेता यह स्पष्ट करें कि वे अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में है या उसे बहाल करने के पक्ष में। देश की जनता के सामने कांग्रेसी नेताओं को स्पष्टीकरण देना चाहिए।उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमारे आने वाली पीढ़ी को खंडित और बंटा हुआ भारत देना चाहती है। कांग्रेस सत्ता हासिल करनेए देश को बांटने के लिए और खंडित तक करने के लिए तैयार है। कांग्रेस की देश को खंडित करने की मानसिकता अनुच्छेद 370 वापस लाने के नाकामयाब प्रयास से सामने आ गई है। इनके नेताओं का दोहरा चरित्र देश के सामने आ गया है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि गांधी और कांग्रेस ने आज पहली बार देश को विभाजित करने का प्रयास नहीं किया है इससे पहले भी इन्होंने भारत को तोड़ने वाली ताकतों के साथ हाथ मिलाया है। वर्ष 2010 में जब गांधी जम्मू.कश्मीर गए थे तो उन्होंने अलगावादी सोच वाले नेताओं से वार्ता की। जब वह यूरोप और अमरीका जाते हैं तो वहां विश्वविद्यालय में भारत के लोकतंत्र को एक खतरा बताते हैं और यूरोप.अमेरिका को भारत में दखल देने के लिए न्यौता देते हैं।गांधी ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली में टुकड़े-टुकड़े गिरोह का समर्थन किया। इतना ही नहींए देश की आतंकवाद की घटनाओं में हिन्दू आतंक का नाम दिया वहीं दूसरी ओर सेना के सर्जिकल स्ट्राइक पर भी इन्होंने सवाल उठाए। इसी कांग्रेस ने अब जम्मू.कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ समर्थन दिया।कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि कश्मीर में पहली बार दलितए महिलाए बच्चों और शरणार्थियों को मतदान का अधिकार मिलाए तो क्या कांग्रेस उनका यह मतदान का अधिकार छीनना चाहती है।

उन्होंने कहा कि भारत के आजाद होने के बाद एक बहुत बड़ी राजनीतिक पार्टी ने भी वह काम किया था जो ईस्ट इंडिया कंपनी ने किया था कांग्रेस और इनके परिवार के लोगों ने भी देश को लूटने का काम किया है।कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पिछले 35 साल के दौरान अनुच्छेद 370 के रहते करीबन तीन हजार दिन तक कश्मीर बंद रहाए यानी 35 साल में आठ साल तक बंद रहा और मोदी ने जब से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया उसके बाद से कश्मीर आठ घंटे भी बंद नहीं किया गया। कश्मीर में शांतिए अमन और चैन रहा। अलगाववाद करीब 70 प्रतिशत कम हो गया। पर्यटन को बढ़ावा मिला मतदान का अधिकार मिला सैलानियों की संख्या बढ़ीए लेकिन इंडी गठबंधन यह सब वापस छीनना चाहते हैं।

## कोर्ट ने सौम्या चौरसिया को 10 दिनों के ईओडब्ल्यू के रिमांड पर भेजा



रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल की हाई प्रोफाइल उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया को इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार कर शुक्रवार को अदालत में पेश किया। ईओडब्ल्यू अदालत ने 10 दिनों का रिमांड दिया है जिसकी वजह से अब सौम्या चौरसिया 18 नवंबर तक एसीबी ईओडब्ल्यू की रिमांड पर रहेंगी।भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने गत दो जुलाई को भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस के निलंबित अधिकारियों रानू साहू और समीर विश्नोई के साथ.साथ राज्य सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988संशोधित अधिनियम 2018 की संबंधित धाराओं के तहत भ्रष्टाचार के आरोप में तीन नई प्राथमिकी दर्ज की थी।

इसके पहले कोयला लेवी घोटाले में धनशोधन ;मनीलॉड्रिंग पहलू की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने दिसंबर 2022 में सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया था। इस मामले में निलंबित आईएएस समीर विश्नोई और निलंबित आईएएस रानू साहू को भी कोयला लेवी मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी विवाद :सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का अपना फैसला पलटा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय मामले में 1967 का अपना एक फैसला पलटते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है।मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को खारिज कर दिया जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को कानून द्वारा बनाए जाने के कारण अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित करने का आधार बना था। पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना अल्पसंख्यक द्वारा की जा सकती है लेकिन जरूरी नहीं कि उसे अल्पसंख्यक सदस्यों द्वारा ही प्रशासित किया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं और न्यायमूर्ति संजीव खन्नाए न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से बहुमत का फैसला सुनाया।

हालांकिए न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अपने.अपने असहमति



वाले फैसले दिए। बहुमत के आधार पर फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि संस्थान का अल्पसंख्यक दर्जा कानून द्वारा बनाए जाने के कारण खत्म नहीं होता। अदालत ने बहुमत के फैसले में कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है। अदालत ने कहा ऐसी स्थापना और अन्य पहलुओं से जुड़े विभिन्न कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह साबित करना भी जरूरी नहीं है कि अल्पसंख्यक संस्थान का प्रशासन ऐसे अल्पसंख्यक समूह के पास है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान धर्मनिरपेक्ष शिक्षा पर जोर देना चाह सकते हैं और इसके लिए प्रशासन में अल्पसंख्यक सदस्यों की आवश्यकता नहीं है।

शीर्ष अदालत ने फैसले की घोषणा के साथ ही मामले को तीन न्यायाधीशों की पीठ को सौंप दिया ताकि 2006 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से उत्पन्न मुद्दे पर निर्णय लिया जा सकेए जिसने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को उसके अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित कर दिया था। पीठ ने कहा कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मुद्दा अब एक नियमित पीठ द्वारा तय किया जाना हैए ताकि तथ्यात्मक निर्धारण किया जा सके कि क्या इसे अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित किया गया था।

वर्ष 1967 में एस अज़ीज़ बाशा बनाम यूनियन ऑफइंडिया मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता।वर्ष 1981 में संसद द्वारा एएमयू संशोधन अधिनियम पारित किए जाने पर इसका अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जनवरी 2006 में 1981 के कानून के उस प्रावधान को रद्द कर दिया था जिसके तहत विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया था।

## मासिक धर्म विकार के इलाज का भ्रामक दावा करने वाला आयुर्वेदिक सिरप जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना के औषधि नियंत्रण प्रशासन ;डीसीए ने पेद्दापल्ली में एक



मेडिकल स्टोर से मासिक धर्म प्रवाह के विकारों के इलाज का भ्रामक दावा कर प्रचारित की जा रही आयुर्वेदिक दवा मेनसेट फोर्टे सिरप के स्टॉक को जब्त कर लिया है।डीसीए ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि इसके लेबल पर उत्पाद के दावे ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज़ ;आपत्तिजनक विज्ञापन अधिनियम 1954 का उल्लंघन करते हैं। यह अधिनियम विशिष्ट बीमारियों और विकारों के इलाज के लिए दवाओं के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाता है।डीसीए अधिकारियों ने गुरुवार को एक छापे के दौरान पाया कि हरिद्वार में ओनस ज़ेनेका द्वारा निर्मित और ज़ेनेका फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विपणन किए गए मेनसेट फोर्टे सिरप को अनियमित मासिक धर्म रजोनिवृत्ति सिंड्रोम और एमेनोरिया ;मासिक धर्म की अनुपस्थिति के इलाज के रूप में विज्ञापित किया जा रहा था। विज्ञापन 1954 अधिनियम का उल्लंघन करता है जो कुछ बीमारियों और विकारों के इलाज का दावा करने वाली दवाओं के विज्ञापनों के प्रकाशन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाता है।

## मेक्सिको के पूर्व फुटबॉल कप्तान गार्डाडो ने संन्यास लेने की घोषणा की

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के पूर्व फुटबॉल कप्तान एंड्रेस गार्डाडो ने 19 साल के



पेशेवर करियर के बाद लीगा एमएक्स सीजन के आखिर में संन्यास लेने की घोषणा की हैं। गार्डाडो ने गुरुवार को एक भावनात्मक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं सीधे मुद्दे पर आता हूं। मैंने सीजन के आखिर में फुटबॉल से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी तय नहीं किया है। मैं चाहता था कि सब कुछ दिल और दिमाग से आए। मैं मेक्सिको में संन्यास लेने का अवसर देने के लिए लियोन के अध्यक्ष जीसस मार्टिनेज को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने इस खूबसूरत करियर का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा टीम के साथी, कोच, कर्मचारी प्रशंसक का भी दिल से शुक्रिया।

## मोदी, नड्डा ने आडवाणी के आवास पर जाकर दी 98वें जन्मदिन की बधाई



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें 98वें जन्मदिन की बधाई दी।मोदी ने शाम को वयोवृद्ध नेता आडवाणी के निवास पर जाकर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया और जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आठ नवंबर 1927 को कराची ;अब पाकिस्तान में जन्मे लालकृष्ण आडवाणी ने आज 97 वर्ष पूरे कर 98वें वर्ष में प्रवेश किया।भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भी आडवाणी को घर जा कर बधाई दी और सोशल मीडिया एक्स पर अपनी एक पोस्ट में तस्वीर साझा करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेताए पूर्व उप.प्रधानमंत्री भारत रत्न आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी के निवास पर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। आप सदैव स्वस्थ एवं दीर्घायु होए ऐसी ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

## गोपाष्टमी पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने की गौ सेवा



किशनगढ़। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने शनिवार को किशनगढ़ में माधव गौशाला बांदरसिंदरी में आयोजित गोपाष्टमी समारोह में सहभागिता करके गौवंश को फल खिलाकर उनकी सेवा और पूजा की।इस दौरान अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेशचन्द, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, मुकेश अग्रवाल, नगर परिषद किशनगढ़ सभापति दिनेश सिंह राठौड़ सहित सामाजिक कार्यकर्ता और गोसेवी आमजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का स्थान अद्वितीय हैए जो हमारी आस्था कृषि और पर्यावरण संरक्षण की मूलधारा का हिस्सा है। गौ माता का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहेए यही कामना है।उन्होंने कहा कि गौ माता की रक्षाए संरक्षण और उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। हमारा कर्तव्य है कि हम उनके लिए आश्रय पोषण और आदर प्रदान करें। गौशालाओं की स्थापनाए जैविक खेती में गौ उत्पादों का उपयोग और समाज में गौ संवर्धन की भावना जागृत करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## चैंपियंस ट्राफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय क्रिकेट टीम

मुबंई। अगले साल फरवरी में प्रस्तावित चैंपियंस ट्राफी के लिए भारतीय टीम पड़ोसी देश पाकिस्तान नहीं जाएगी। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए विदेश मंत्रालय ने भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।आठ देशों का यह टूर्नामेंट अगले साल 19 फ़रवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान में होना निर्धारित है। अब इस टूर्नामेंट के लिए पिछले साल की एशिया कप की तरह हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ सकता है।हाइब्रिड मॉडल के अनुसार यह चैंपियनशिप पाकिस्तान के अलावा यूएई अथवा श्रीलंका में खेली जा सकती है। गौरतलब है कि 2012.13 के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी द्विपक्षीय सीरीज़ नहीं हुई है।

## ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की महाना छठी पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब



अजमेर। राजस्थान के अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की महाना छठी शनिवार को दरगाह शरीफ में परम्परागत तरीके से धार्मिक रस्मों के साथ मनाई गई जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों अकीदतमंदों ने भाग लिया। अजमेर दरगाह स्थित आहाता-ए-नूर में छठी की फातहा का कार्यक्रम शानोशौकत से हुआ। जिसमें कुरान की तिलावत के बाद ख्वाजा साहब की शान में नात एवं मनकबत पेश किए गए।दरगाह स्थित अन्जुमनों से जुड़े खादिमों ने सभी धार्मिक रस्में पूरी की और गरीब नवाज की शिक्षाओं तथा उनकी जीवनी का बयान कर हर आम और खास से उसे जीवन में अपनाने तथा अमल में लाने का संदेश दिया। उसके बाद सभी ने मुल्क में अमनोअमान, खुशहाली भाईचारे तथा कौमी एकता के लिए दुआ की। अन्जुमनों की ओर से सभी को तबर्रुक भी तकसीम किया गया। ख्वाजा साहब की महाना छठी में जायरीनों की उपस्थिति से दरगाह परिसर और दरगाह बाजार में मेले जैसा माहौल बना रहा।

छठी में शिरकत करने के बाद जायरीनों का तेजी से लौटना शुरू हो गया।अब ख्वाजा साहब की महाना छठी 813वें सालाना उर्स पर होगी। उर्स का झंडा 26 दिसंबर को चढ़ेगा तथा रजब का चांद दिखाई देने पर 31 दिसंबर से सालाना उर्स शुरू होगा। चांद दिखाई नहीं दिया तो एक जनवरी 2025 से उर्स शुरू होगा।

## केकड़ी में बिना फिटनेस वाले 219 वाहनों का पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबित

अजमेर। राजस्थान में अजमेर संभाग के केकड़ी जिला परिवहन अधिकारी दयाशंकर गुप्ता ने नियमित रूप से ओवरलोड़ चलने वाले 48 भार वाहनों एवं बिना फिटनेस चलने वाले 219 वाहनों का पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबित कर दिए गए है।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अब उपरोक्त वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबित होने के कारण उपयोग में लिये जाने योग्य नहीं है। समस्त वाहनों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर वाहन स्वामी को प्रेषित की जा चुकी है।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी कार्यालय द्वारा ओवरलोड चलने वाले 71 भार वाहनों एवं 35 बिना फिटनेस चलने वाले वाहनों का पंजीयन निलंबित किया जा चुका है।

## अजमेर रेलवे अस्पताल में डिजिटल एक्स रे मशीन स्थापित



अजमेर। रेलवे अस्पताल में डिजिटल रेडियोग्राफी विद पिक्चर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम को स्थापित किया गया है।विश्व की आधुनिकतम तकनीक से लैस इस सिस्टम की सहायता से अब एक्स.रे करना काफी सुगम हो गया है। इस तकनीक से एक्स रे निकालते ही वह डिजिटल तकनीक द्वारा डॉक्टर की कंप्यूटर स्क्रीन पर दिखाई देता है तथा एक्स रे को प्रिंट करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इससे एक्स रे को केमिकल द्वारा प्रिंट करने में होने वाले खर्च की भी बचत होती है।इस सिस्टम में एक्स रेअपने आप कंप्यूटर की मेमोरी में सेव हो जाता है। एक्स रे की क्वालिटी भी उत्तम होती है जिससे रोगों का निदान भी आसान हो जाता है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की आधुनिकतम तकनीक वाली डिजिटल एक्सरे मशीन अभी तक केवल कुछ ही रेलवे अस्पतालों तथा अन्य बड़े प्राइवेट अस्पतालों में उपलब्ध है।हाल ही में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक तथा प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक द्वारा अजमेर रेलवे अस्पताल में नवनिर्मित ओपीडी फार्मेसी तथा नवीनीकृत आईसीयू का उद्घाटन किया गया था। अब डिजिटल एक्स रे सिस्टम का लाभ भी रेलवे लाभार्थियों को मिलेगा।

## टीवी अभिनेता नितिन सिंह उर्फ चौहान ने की आत्महत्या



मुंबई। टेलीविजन अभिनेता नितिन सिंह उर्फचौहान ने मुम्बई उपनगर के गोरेगांव इलाके में अपने आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।दीन दोशी पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि चौहान यहां अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहते थे और काम न मिलने की वजह से वह बेहद तनाव में थे। उन्होंने बताया कि चौहान की पत्नी और बेटी जब बाहर थीं तब उन्होंने कथित तौर पर रस्सी का फंदा बनाकर छत के पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। बाद में उनके परिवार के सदस्य वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि चौहान पंखे से लटके हुए हैं। परिवार के सद्स्यों ने पुलिस को तुरंत सूचना दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चौहान टीवी सीरियल और फिल्म में रोल न मिलने के कारण मानसिक समस्याओं से ग्रसित थे।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID


sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## Smart Health Report by Health Vectors –

### The Future of Personal Health Analytics and Health Data Representation




Health Vectors (HV), one of the leading names in healthcare technology, is transforming personal health management with its Smart Health Reports. Of the various types of Smart Reports that Health Vectors produces, the Premium Smart Report utilises personal clinical data, family history, and lifestyle factors to provide predictive and preventive health insights for the individual, especially for future chronic diseases.

**Health Vectors – Personalized, Actionable Health Insights:-**Dr. Subhasish Sircar, Founder of Health Vectors, emphasises the company's commitment to enhancing patient care by enabling healthcare providers to prioritise direct patient interactions. “Our platform delivers precise, real-time analysis and recommendation prompts, allowing clinicians to focus on meaningful and precise patient engagement,” Dr. Sircar stated. Upon a final validation by medical professionals, a personalised Smart Report is generated instantly and securely delivered to the individual's encrypted dashboard.Health Vectors comprehensive suite of solutions extends beyond individual health management, offering advanced tools tailored for diagnostic labs, hospitals, insurance companies, and corporations. Among these, RevMaxx and the HV Integrated Messaging System support hospitals by leveraging patient health and interaction data to enhance revenue through targeted insights, such as identifying candidates for follow-ups, specialist visits, or additional tests.Health CIBYL is designed for insurance companies, increasing underwriting efficiency by using real-time health insights to assess risk and personalise premiums, thereby reducing claims and enabling efficient and accurate policy issuance. Additionally, the Corporate/Employee Health Dashboard, CorpDash, provides a dynamic, real-time view of overall employee wellness data, helping companies make data-driven decisions to improve overall workforce health and productivity. “Through our integrated portfolio of solutions, including Smart Reports, were setting new industry standards in preventive healthcare analytics. These tools represent our commitment to making advanced health insights accessible and actionable for businesses worldwide,” asserted Dr. Subhasish Sircar.

## अजयमेरू टैक्सी यूनियन का समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में अजयमेरू टैक्सी यूनियन की ओर से अपनी मांगों के समर्थन में विशाल प्रदर्शन किया गया तथा कलेक्टर को ज्ञापन देकर अपनी समस्या निदान की मांग की गई।यूनियन अध्यक्ष मनोहर सिंह चौहान ने बताया कि अजमेर पर्यटन क्षेत्र है। हम पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों को बेहतर टैक्सी सुविधा देना चाहते हैं लेकिन हमें प्रशासन तथा पुलिस का सहयोग नहीं मिलता है। आज हमने चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में पटेल मैदान से जिला कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।उन्होंने बताया कि यूनियन की प्रमुख मांगों में चुनाव तथा वीवीआईपी दौरे के दौरान के बकाया भुगतान करवानेए टैक्सी स्टैंड निर्धारित करनेए पुष्कर मेले में वाहनों अनुचित अधिग्रहण के अलावा अवैध तौर पर तारागढ़ की ओर जाने वाले टैम्पो पर लगाम लगाने की मांग है। साथ ही रूट परमिट तथा सिटी परमिट वाली टैक्सियों को यातायात पुलिस तंग करना बंद करे।

# अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला आरंभ, दीपदान से जगमगा उठे 52 घाट

◆ देसी और विदेशी सैलानियों से अटी तीर्थराज की गलियां ◆ 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर होगा महास्नान ◆ कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने किया









अजमेर। राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में शनिवार से अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला-2024 का विधिवत शुभारंभ हो गया। जलसंसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने मेला मैदान पर विधिवत मंत्रोच्चार तथा ध्वजारोहण के साथ मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रसिद्ध नगाड़ा वादक नाथूलाल ने नगाड़ा बजाकर जहां मैदान पर मौजूद देशी.विदेशी पर्यटकों एवं ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध किया वहीं मेले का जयघोष भी किया।पुष्कर मेला मैदान पर प्रशासनिक शिविर भी शुरू हो गया। मेले के शुभारंभ मौके पहले दिन कैमल रैली का भी आयोजन हुआ जिसके जरिये कैमल संवर्धन एवं संरक्षण का संदेश देकर रेगिस्तान के जहाज के प्रति सरकार ने गम्भीरता दिखाई साथ ही 51 ऊंट गाडियों का प्रदर्शन लोकलुभावन बन गया। शाम को पवित्र पुष्कर सरोवर पर 51 हजार दीपकों का दीपदान का भव्य आयोजन हुआ।

15 नवंबर तक चलने वाले पुष्कर मेले में देशी विदेशी पर्यटकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इनमें मांडना प्रतियोगिता फुटबॉल मैच, लगान क्रिकेट, मटका रेस, रस्साकशी, लम्बी मूछ प्रतियोगिता, लंगड़ी टांग सतौलिया, साफा बांधो जैसी प्रतियोगिता आयोजित होगी। साथ ही विभिन्न पशु प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। सभी के विजेताओं को मेला मैदान पर 15 नवंबर को आयोजित होने वाले समापन समारोह में पुरुस्कृत किया जाएगा। मेले के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या तथा भजन गायक अनूप जलोटा तथा कैलाश खेर भी क्रमशः 12 एवं 14 नवंबर को प्रस्तुति देंगे। पुष्कर मेले के शुभारंभ में स्कूली छात्राओं ने राजस्थानी गीत पर नृत्य पेश कर यहां की लोकसंस्कृति को जीवन्त किया। सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने भी देखने लायक कलाकृति बनाई। उल्लेखनीय है कि पुष्कर का धार्मिक मेला पंचतीर्थ स्नान के साथ कार्तिक एकादशी 12 नवंबर से शुरु होकर कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर तक भरेगा जिसमें लाखों श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र सरोवर में धार्मिक स्नान होगा। इस दिन सरोवर की महाआरती के साथ पुष्कर मेला सम्पन्न होगा। मेले में आने वाले श्रद्धालु भगवान ब्रह्माजी का भी आशीर्वाद ले रहे हैं।

झंडारोहण के साथ ही मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। अंतरराष्ट्रीय नगाड़ा वादन नाथूराम सोलंकी एण्ड पार्टी ने शानदार नगाड़ा की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में काफी संख्या में विदेशी पर्यटक भी मौजूद रहे तथा अपने कैमरों में मेले की झलकियां कैद करते हुए नजर आए। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर कैमल रैली का शुभारंभ किया।मेले में पशुपालकों व श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेलार्थियों के मनोरंजन के लिए इस बार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मेले में कानून व शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए अजमेर समेत संभाग के विभिन्न थानों से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता पहुंच गया। ब्रह्मा मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों एवं घाटों पर सशस्त्र जवान एवं सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। भीड़ भाड़ वाले इलाकों में नगर परिषद ने सीसी टीवी कैमरें लगाएं हैं।

## सभी 52 घाटों पर दीपदान महोत्सव

पुष्कर मेले के शुभारंभ के मौके पर शनिवार की शाम को निजी व सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों व स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से सरोवर के सभी 52 घाटों पर 51 हजार दीप जलाकार दीपदान किया। गऊघाट, ब्रह्म घाट, बद्री घाट, यज्ञ घाट, वराह घाट, गणगौर घाट, जयपुर घाट समेत 7 प्रमुख घाटों पर महाआरती हुई। दीपदान के लिए सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं को अलग अलग घाट आवंटित किए गए।

## रेतीले धोरों पर नेशनल सैंड आर्ट फेस्टिवल




पुष्कर मेले में रेतीले धोरों पर 6 दिवसीय नेशनल सैंड आर्ट फेस्टिवल में सैंड आर्टिस्ट अजय रावत बालू मिट्टी से प्रदेश के गौरवशाली इतिहास व संस्कृति की कलाकृतियां बनाकर मेले में आने वाले देशी विदेशी सैलानियों को आकर्षित करेंगे। रावत ने बताया कि पुष्कर मेले के दौरान कपालेश्वर मंदिर के पीछे वाटर वर्क्स चौराहे पर 14 नवंबर तक नेशनल सैंड आर्ट फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए बालू मिट्टी से विभिन्न आकर्षक कलाकृतियां तैयार की गई है। बताया कि सैंड आर्ट के माध्यम से राजस्थान के गौरवशाली इतिहास लोक कला व संस्कृति पर्यावरणए समुद्र रेगिस्तान आदि का चित्रण किया जाएगा।

## पुष्कर में कार्तिक एकादशी को निकाली जाएगी आध्यात्मिक यात्रा

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में कार्तिक मेले के मौके पर कार्तिक एकादशी 12 नवम्बर को परम्परागत आध्यात्मिक यात्रा निकाली जाएगी। पुष्कर उपखंड अधिकारी एवं आध्यात्मिक यात्रा आयोजन उपसमिति के अध्यक्ष गौरव मित्तल ने शुक्रवार को बताया कि आध्यात्मिक यात्रा का आयोजन गायत्री शक्ति पीठ के तत्वावधान में होगा जिसमें संत महात्माए मठों के महंत आदि पुष्कर भ्रमण करेंगे और वे पवित्र सरोवर की परिक्रमा भी करेंगे।उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह नौ बजे आध्यात्मिक यात्रा का आयोजन होगाए जो पुष्कर गुरुद्वारा के सामने गायत्री शक्ति पीठ से शुरू होगी और विभिन्न बाजारों से होती हुई पुष्कर सरोवर, ब्रह्माजी मंदिर, मेला मैदान की ओर भ्रमण करेगी। रास्ते में जगह.जगह आध्यात्मिक यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत होगा। यात्रा में बग्गी, घोड़े, ऊंट आदि के अलावा धार्मिक संदेशात्मक झांकियां भी होंगी। मित्तल ने बताया कि आध्यात्मिक यात्रा पर अजमेर दरगाह अंजुमन की ओर से पुष्प वर्षा की जायेगी जो साम्प्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने का संदेश देगी। उल्लेखनीय है कि 12 तारीख से ही कार्तिक माह का पंचतीर्थ स्नान शुरू होगा जो 15 नवम्बर कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा जिसमें लाखों श्रद्धालु पवित्र पुष्कर सरोवर में धार्मिक स्नान करेंगे।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 14 नवम्बर को पुष्कर आएंगे



पुष्कर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ए 14 नवंबर को राजस्थान के पुष्कर की यात्रा पर रहेंगे और 105वें राष्ट्रीय जाट महाधिवेशन में मुख्य अतिथि होंगे।उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि धनखड़ पुष्कर में आयोजित कार्तिक मेले में 105वें राष्ट्रीय जाट महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे।जानकारी के अनुसार 105वां राष्ट्रीय जाट महाधिवेशन अखिल भारतीय जाट विश्राम स्थली पुष्कर एवं श्री जाट मंदिर समिति आयोजित कर रहे हैं।सितंबर में अखिल भारतीय जाट विश्राम स्थली पुष्कर एवं श्री जाट मंदिर समिति की कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष हरसुखराम पूणिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई थी जिसमें सर्वसम्मति से धनखड़ को मुख्य अतिथि बनाए जाने का निर्णय लिया गया।धनखड़ स्वयं इन संस्थाओं से लम्बे समय से जुड़े हुए हैं। उपराष्ट्रपति का अजमेर पुष्कर से पुराना सम्बन्ध है। वर्ष 1993 - 1994 के दौरान जगदीप धनखड़ किशनगढ़ से विधायक भी रह चुके हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)